[illegible] रहेगी। यह [illegible] योग है। मनुष्य भावना का भण्डार (?)
[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]
[illegible]

तथा नीचे का भी आपका नहीं है। जब यह स्थिति हो जाये तो एक काले बिन्दु की कल्पना कीजिये। बहुत ज्यादा जोर मत दीजिये, धीरे कीजिये। मगर एक भी इच्छा, कल्पना यदि रही तो सब नष्ट हो जायेगा। एक भी सिद्धि होने को नहीं है। यह सब दिल की कमजोरियां हैं। जगत् तुम्हारे अधीन नहीं है। पर धीरे-धीरे वह अधीन हो सकता है। मन को ट्राई करने में भी कुछ समय लगता—है जैसे यदि मोटर सीखना है तो सीखते सीखते भी कुछ दिन लगता है। उसी प्रकार मन को ट्राई करने में कुछ समय लगता है। जब हमारा मन पक्का हो जायेगा तो आप संगीत सुनना चाहेंगे तो आपको संगीत सुनाई देगा। अथवा आपकी जो कुछ इच्छा, मनोकामना होगी, वह सफल होकर ही रहेगी। यह अद्भुत योग है। मनुष्य भावना का भण्डार है। जब उसको एक रास्ता मिल जाता है तो वह समझने लगता है कि यही रास्ता सबसे अच्छा है, दूसरा रास्ता रास्ता ही नहीं है। आनन्द उसी आदमी को प्राप्त हो सकता है जो काम, क्रोध, मोह, माया आदि को त्याग दे तथा व्यभिचारों से दूर रहे। एक आदमी एक महात्मा के पास गया और कहा कि महाराज हमारे अन्दर तमाम व्यभिचार भरे पड़े हैं। महात्मा ने कहा उनको और बढ़ाओ। उन्होंने उसको एक ऐसा आसन बता दिया जिससे कि उसके सब व्यभिचारों का लोप हो गया। कुछ आदमी ऐसे होते हैं, जिनको व्यापार में आनन्द आता है।

धार्मिक सम्प्रदायों में धर्म-ऐक्य

सर्व-धर्म-समभाव, धर्म सहिष्णुता और विभिन्न धार्मिक सम्प्रदायों में परम-ऐक्य का दर्शन भारत में प्रारम्भ से ही दृष्टिगोचर होता रहा है। "एकं सत् विप्रा बहुधा वदन्ति"—यह ऋग्वेद के उन ऋषियों की वाणी है—जो सत्य और एक के नाना रूपों के पीछे से एक ही सत् का दर्शन कर रहे थे। मुझे यह गौरव है कि मैं भारत के उन प्राचीनतम धर्मों में से ऐसे धर्म पर विश्वास कर रहा हूँ कि जिस धर्म ने अपने दार्शनिक आधार को अनेकान्तवाद का नाम दिया है। और अहिंसा जैसा उदार सिद्धान्त जिसने सब जीवों का हित और अनेकान्त जैसे समन्वय सत्य का प्रतिपादक सिद्धान्त ही जिसके मूलाधार हैं। जिसकी धारणा यह है कि संसार के सब धर्मों में, सब विचारधाराओं में और सब प्रकार के साम्प्रदायिक दृष्टिकोणों में आंशिक सत्य का दर्शन जो नहीं कर सकता—वह उस धर्म को जानता ही नहीं सकता और उस धर्म का नाम जैन धर्म है। धर्म-सहिष्णुता का भाव ही जैन धर्म की हमारे लिए विशेषता है।

यह वह देश है जहाँ ऋषियों की वाणी मुखरित हुई। योगिराज कृष्ण का गीता संदेश, राम का आदर्श, तीर्थंकर महावीर का त्याग और बुद्ध की करुणा, अनन्त-अनन्त वाणि

प्रभावित हुई। पूर्व के तीर्थंकरो, दक्षिण के ...
उत्तर के संतो ने इस देश की संस्कृति को ...

यद्यपि आज संगठन का युग है किन्तु अर्थ एवं ...
पार के आधार पर खड़े किये गए संगठन ...
लिए लाभदायक सिद्ध नहीं हो रहे हैं। संयुक्तराष्ट्र ...
राष्ट्रीय संगठन संसार की शान्ति का पूर्ण ...
नहीं दे पा रहा और पंचशील तथा बांडुंग सम्मेलन ...
रिक अविश्वास को नहीं धो पारहे—उसका कारण ...
त्व एवं सह-जीवन की भावनाओं को इन संगठनों ने ...
दिया गया किन्तु पीछे जिस आत्मनिष्ठा की एवं ...
आवश्यकता होती है उसको महत्त्व न दिया जा ...
कारण है कि धर्म की इस समता, सह अस्तित्व ...
को राजनीतिक संगठनों ने धर्म से उधार तो लिया ...
आत्मनिष्ठ न बना सके। वर्ग संघर्ष, प्रतिद्वंद्विता और
को यह संगठन मिटा न सके।

इसीलिये धर्म के आधार पर एक ऐसे अन्तर्राष्ट्री...
की आवश्यकता हम महसूस करते हैं—जिसके द्वारा
समाज के आपसी संबन्धों को आत्मनिष्ठ बनाया ...
राजनैतिक स्तर पर यूनेस्को जिस सांस्कृतिक भाव ...
कर रहा है—इस की पूर्ति इस धार्मिक संगठन से की ...
हमारा विश्वास है कि अब वह समय आ गया है जब
मानने वाले लोग अनुन्नत राष्ट्रों की सहायता के लि...
मानस तैयार करें, पारस्परिक संघर्षों को धार्मिक ...
धो दें। भाषा व साम्प्रदायिक संघर्षों को मिटाने के लिये
हो जायें और तमाम पराधीन राष्ट्रों को स्वाधीन ...
सहायक बनें, ऐटम-स्पर्धा को नियंत्रित करने के लिये

धान चलायें, समाज के पुनर्निर्माणार्थ नैतिक सिद्धांतों
ष्ठा से स्थापित करें—जिससे मानव-समाज की
नवीन समस्या का समाधान हो सके और जीवन के
रूप को समुन्नत बना सके। जगत की समस्याओं को
स्तर से हल करने के बहुत प्रयास हो चुके हैं, अब
सा गया है कि जगत की सब समस्याओं को धार्मिक
ात्मिक कसौटियों से कसा जाये और उनका समाधान
। इसके लिये संसार के विभिन्न धर्मों के एक संग
ड़ी आवश्यकता है।

होता है कि जब आज का सुधारवादी किसी धर्म के
बड़ी घृणा से यह कहता है कि—मैं धर्म को कुछ
ा, शास्त्र और तत्त्वज्ञान को स्वीकार नहीं करता,
ा है कि उसकी बौद्धिक अस्मिता इतनी कम हो
क धर्म जैसे अमृत को, अमृत मानने को ही तैयार नहीं
इससे अधिक आज के सुधारवादी की विसंगति क्या हो
?

धार्मिकों के सामने जो सबसे बड़ी समस्या है वह
कता की तो है ही, किन्तु उससे बड़ी बात धार्मिक
सुरक्षित करने की भी है। जिस तरह संसार में कुछ
ंधी लोग धर्म को कट्टरता का रूप देकर उसे असुन्दर
और अशुभ की ओर ढकेल देते हैं—उसके निराकरण
भी समस्या हमारे सामने है। आज हम अपने
र जिस अंधकार को देख रहे हैं—उसे दूर करने का
र्म और विज्ञान और विज्ञान को धर्म का रूप नहीं दे
ब तक हमारी समस्याएं किसी भी तरह सुलझ नहीं

धर्म की उपयोगिता है।

धर्म का अर्थ मन्थन

मनुष्य की अपनी मान्यता अथवा आत्म श्रद्धा ही धर्म
परिपूर्ण अर्थ नहीं बन सकती, हमारा विविक्त सत्य ही अ
तत्व है, यह भी असंगत है। मानव ने आग्रह वश धर्म पर अ
के अम्बार और परिभाषाओं के ढेर लगा दिये हैं, अब भी
की ७०० परिभाषाएं अपना-अपना अस्तित्व रखती हैं, प्रत्ये
धर्म परस्पर में एक दूसरे को अपूर्ण और स्वयं को पूर्ण मान
का हठ पकड़े हुए हैं, यही कारण है—स्वकल्पित अर्थ के आ
के कारण प्रत्येक धर्मों ने जगत के सभी धर्मों से अवांछ
व्यवहार किया है और कहीं-कहीं यह भावना इतनी उद्द
हो गई, जगत के सभी धर्मों का नाश करके स्वधर्म को सत्य
प्रमाणित करने के लिये विध्वंशलीला के अकाण्ड ताण्डव घटि
हो गये हैं। यहां यह याद रखना चाहिए कि जगत में अने
धर्म हैं, उनका अपना-अपना सापेक्ष दृष्टि से महत्व है, उ
योगिता और आवश्यकता है। सभी धर्म दृष्टि विन्दु है अहिं
के साधनों से सत्य की शोध के हिमायती हैं किन्तु उन
योग्यता, सामर्थ्य, दृष्टिकोण पृथक २ है सभी धर्मों का न
करके मानव जाति को एक बाड़े में बन्द करना कभी भी हित
कारक नहीं हो सकता है। सम्भव है अपकर्ष का ही कारण हो
और न ही किसी व्यक्ति को किसी तत्व का नाश करने क
अधिकार है। पिछली शताब्दियों में राम, कृष्ण, महावीर,
बुद्ध, जरथुस्थ, कन्फ्यूशियस लाओत्से, इसा मुहम्मद जैसे अव-
तार तीर्थंकर तथागत तथा पैगम्बरों का मानव दर्शन कर चुका

है वे महामानव थे और वे मानवता के उन्नायक अहर्ता और आत्मा के दिव्य सन्देश वाहक थे। इन सबको धर्म प्रवर्तक कहा जाता है क्योंकि इन्होंने अपने जीवन में आत्म स्वभाव का विकास किया था अपनी आत्म प्रतिकूल प्रवृत्तियों को सब से प्रतिकूल और अभिलषित शाश्वत आत्म अनुकूलताओं को समस्त विश्व के लिये हितावह माना था। 'आत्मनः प्रतिकूलानि परेषाम् समाचरेत्' यही इनका सार था। अतः धर्म जैसे व्यापक तत्व को हम किसी सीमा अथवा श्रेय प्रेय के पचड़े में नहीं बांध सकते, धर्म का अर्थ मूल में स्वभाव है, सदाचार है, संस्कृति में आदर्श है, और सभ्यता में सद्व्यवहार है, कला और साहित्य के क्षेत्र में श्रेय और अभ्युदय है, सन्तों में सर्वोदय तथा मानस शान्तियों में स्वस्थता है, धर्म के मूल अनेक हैं, तात्पर्य एक ही है कि चैतन्य का धर्म चैतन्य है जिसे हम आत्म स्वभाव कह सकते हैं। भगवान महावीर अरथुस्त्राओ शमो, बुद्ध, ईसामसीह धर्म, वैदिक निर्घोषकरों धर्म कहकर तथा संतों ने धर्म को सहजिक वृत्ति, सत्य संशुद्ध, आध्यात्मिक उत्कर्ष आत्म उन्मुखता तथा आध्यात्मिक अनुभव कह कर इसी लक्षण का बलपूर्वक समर्थन किया है।

धर्म और सिद्धान्त

आत्म स्वभाव के विकास में सभी तत्ववृत्तियाँ एवं धर्म के सिद्धांत बताये गये हैं। धर्म स्वरूप को सुस्थिर करने के लिये जिन आंतरिक दोषों का साक्षात्कार किया गया है, वह हिंसा असत्य, अनाधिकार चेष्टा, व्यभिचार तथा संग्रहवृत्ति आदि ही

[illegible] पर इस प्रकार इसका [illegible] समाधान होगा।

६. भगवान महावीर की देशना के माध्यम [illegible]
था।

झगड़ों के पीछे भी परम्परा है। दिगम्बर सम्प्रदाय के
द्वारा दिव्यध्वनि को स्वीकार करके कहते हैं कि उसमें से
देव [illegible] सब अपने मतलब की समझ लेते हैं। श्वेताम्बर व
द्वारा उपदेश को स्वीकार करते हैं। पर इन मान्यता
भिन्नता से कोई हानि नहीं है। जहाँ प्रेम का अतिरेक होता
जहाँ भावना का अतिरेक होता है—उसे सुनने सुनाने
आवश्यकता नहीं है। उसे वाणी के माध्यम की जरूरत नहीं
भगवान बोलते थे वाणी का अतिशय था। गहराई से समझो
वाणी से या ध्वनि से आप तमाम मतभेद भूलकर उस देश
का ध्यान करिये। उस देशना को समझिये। इसी में कल्या
है।

धर्म के मतभेद भी मिट सकते हैं—जबकि हम उस
आधार बिन्दु को बदल दें। हमारे समन्वय की पृष्ट भूमि ए
होजाय।

दूध मीठा होने पर भी मत भिन्न होते
का झगड़ा है यह झगड़ा मिट सकता है।
लिये भी सहिष्णुता चाहिये।

महावीर स्वामी की पहली देशना व

ओ जैनियों! अहिंसा निष्ट भी
गणना बढ़ाने की दृष्टि से आप यह कहें
का ध्यान वही करते हैं— जिन्हें

लोभ पाप का बाप

कवि कहता है कि ऐ इन्सानों! यदि तुम्हारी मोहब्बत
सच्चा प्यार प्रभु से हो जाता है तो तुम संसार सागर से पार
हो जाओ।

एक उर्दू शायर ने कहा है—

जिन्दगी इश्क के सदके,
इश्क़ ही प्यार हो जाता।
न जाने नाव मझधार में,
ये बेड़ा पार हो जाता॥

कितने सुन्दर शब्द हैं ये। तुम्हारा, तुम्हारी मोहब्बत
मिजाजी न हो। बनावटी न हो। तुम्हारा प्यार संसार की
वस्तुओं पर नहीं होता तो तुम्हारा बेड़ा पार हो जाता।

एक शायर ने फिर कहा है—

मोहब्बत की खुदा तक रिसाई है।
अगर तुम सच समझो तो, मोहब्बत ही खुदाई है।

मोहब्बत की पहुँच खुदा तक है। इस लिए मोहब्बत ही
खुदा और प्रेम स्वयं भगवान है।

प्रेम की शक्ति को जागृत करो। मन्द शक्ति को जगाने

सुरों ने ऋषि के पास जाना स्वीकार किया। कच्छ की खाड़ी के पास अगस्त्य मुनि का आश्रम था—सुर गये और प्रार्थना की कि—

ऋषिराज ! यदि आप कृपा करके समुद्र का जल पी जायें तो राक्षसों को रहने की जगह नहीं मिलेगी और हम उन्हे मार डालेंगे। वैसे हम कमजोर नहीं हैं पर यदि आप उनके रहने का स्थान मिटा देंगे तो हम सुखी हो जायेंगे ।

ऋषि ने कहा हमारा सर्वस्व यदि किसी की रक्षा में काम आ सके तो बड़ी खुशी की बात है। पर लाखों माइल का समुद्र पीना कोई आसान नहीं। फिर भी प्रयत्न करूंगा।

अगस्त्य मुनि ने तीन चुल्लू में सारा समुद्र पी डाला। मगर मच्छ और कच्छ सब बाहर आ गये। फिर क्या था असुरों पर देवों की विजय हो गई।

बुद्धिवादी के लोग कहेंगे—बड़ा भारी गपोड़ा आपने सबके सामने रख दिया। दो लाख मील का समुद्र पिया कैसे गया ?

पुराणों को लिखने वाला व्यास कोई साधारण व्यक्ति नहीं था। बड़ा पंडित, था—इसमें तथ्य भरा हुआ है मैं उनमें से नहीं हूं जो गपोड़ा कह कर छोड़ दें। हम तथ्य को निकालते हैं।

देवा सुर लडे थे। आज भी देवा सुर लड़ रहे हैं। आपमें ज्ञान, सत्य, शांति आदि गुण देवता हैं। क्रोध, मान माया, लोभ आदि अनेक अवगुण जो आपमें भरे पड़े हैं—वे असुर हैं—राक्षस हैं

कहने का तात्पर्य यह कि तृष्णा का समुद्र आकाश से भी ज्यादा विशाल है। यह इतना बड़ा तृष्णा का समुद्र मनुष्य के छोटे से हृदय में रहता है। वहीं समुद्र में क्रोध, मान, माय आदि दुर्गुण रूप राक्षस छिपे रहते हैं। इस समुद्र को शोष करने के लिये आत्मा रूप अगस्त्य ऋषि से प्रार्थना करो द तीन चुल्लु में इस समुद्र का शोषण कर देगा—वे तीन च है— दर्शन और चरित्र।

आत्मिक संयम, शारीरिक संयम और मानसिक संयम तुम्हारे देवता की विजय होगी। तुम में दया करुणा और क ।प्रादुर्भाव होगा। आनंद का स्रोत फूट पड़ेगा। और तुम आत्म कल्याण करने में समर्थ बनोगे।

———

में यहां मनोवैज्ञानिक माना जाता है। साइकोलाजी का विवेच इसी महापुरुष की देन है—वरन तथा आपने फ्रायड इसका मं समाज किया कि हमारे भगवती सूत्र में इस मनोविज्ञान का विवेचन कितना गहन है।

भगवती सूत्र में इन्द्रियां ५ मानी गई है। पांच इन्द्रियों के २३ विषय माने जाते हैं। यह बात जैन का बच्चा बच्चा जानता है। हमारे यहां बचपन से ही यह विज्ञान सिखा दिया जाता है। ढाई हजार वर्ष पहले ही हमारे यहां इस मनोविज्ञान की पूर्ण व्याख्या की जा चुकी है।

कान से हम सुनते हैं। सुनने की ध्वनि दो प्रकार की होती है। काल और अकाल, नाद गुज्जन या ध्वनि केवल १-२ प्रकार की नहीं होती। हम केवल जीव शब्द अजीव शब्द और मिश्र शब्द कहकर श्रोत्रेन्द्रिय के विषय बतला देते हैं। मानाकि शब्द तीन ही प्रकार से उत्पन्न होकर ध्वनित होते हैं। पर—ध्वनियों का कोई प्यार नहीं। प्रत्येक प्राणी की अपनी एक अलग ध्वनि होती है। वीणा के तारों में निराली स्वर लहरी बहती है और सिंह का गर्जन अनोखा गर्जन उत्पन्न कर देता है। ध्वनि विज्ञान में ही सम्पूर्ण जीवन व्यतीत किया जा सकता है।

एक तिनको देखिये और देखिये कि तिनको प्रकार, असंख्य हैं, आप उनके चित्र लेते जाइये और उन्हें समझते जाईये-पार न पाइयेगा। जिन्दगी बीत जायेगी।

चक्षु इन्द्रिय के विषय पर विचार करिये। आप, काला, पीला श्वेत आदि ५ रंग बता देंगे। अधिक कहने वाले इन्द्र धनुप के सात रंग कह देंगे। पर क्या आपको रंगों के इतने से से कथन से संतोष हो जायेगा। चलिये, उद्यान में चलिये और

गुड़ चीनी, दूध, चना, और गेहूं, में अलग अलग मिठास होती है। समुद्र, पहाड़ और कुएं के पानी में अलग अलग होता है। यहां तक कहा अनेक भेद स्वाद के पायगे।

स्पर्शेन्द्रिय के विषय है। पर इनके अंतरंग भेद कितने हैं एक कुएं का स्पर्श भाव इन का क्या वर्गीकरण करेंगे। एक बच्चे को गोद में लेकर जो स्पर्शानन्द आप लेते है उसका क्या नाम देंगे। स्पर्श के कितने प्रकार है। उन्हें हम तालिका द्वारा नहीं बता सकते इनका तारतम्य निकाला नहीं जा सकता।

तो हमारा कहने का तात्पर्य यह है कि केवल २३ विषय कह देने से ही काम नहीं चलेगा। २३ विषय समझने की बात है और उनके अनंत भेद अनुभव का विषय है।

इन पांच इंद्रियों में आंख और कान ज्ञानेन्द्रियां हैं। और घ्राण, जिह्वा और त्वच ये ३ भोगेन्द्रियां हैं।

आरंभ की दो अपने विषय को बिना स्पर्श किये ही अनुभव कर लेती है और शेष तीन वस्तु से स्पर्श किये बिना ज्ञान नहीं कर सकतीं। आप किसी रस को आंख से लगा दीजिये दिव्य मद हो जायगा। पर किसी वस्तु को जिह्वा पर लगाये बिना आप स्वाद का अनुभव नहीं कर सकते।

अतः इन ५ इन्द्रियों की उपयोग करिये उपभोग नहीं।

इन्द्रियों का विवेचन आपने सुना। क्या हम अपनी इन्द्रियों को उपयोग में न लें। क्या हम कानों में रुई ठूंसलें। क्या हम आंखों पर पट्टी बांधले। क्या हम नाक बंद करदें। नहीं इन की आवश्यक नहीं। इन्द्रियां स्वयं कुछ नहीं करती। इनके साथ हमारा मन जुड़ा रहता है मन के ही योग से ही इन्द्रियों द्वारा हमारी दुर्दशा हो

कृष्ण कोई ऐसे वैसे व्यक्ति नहीं थे। महा योगिराज थे। लोगों ने उन्हें वर्तमान में भगवान माना है और कुछ लोग उन्हें भविष्य में भगवान मानते हैं।

प्रवाह को रोकने से रुकता नहीं इसलिये महापुरुष उसे मोड़ दे देते हैं।

पांडवों ने तुम्बी सहर्ष स्वीकार की। भगवान की तुम्बी को उन्होंने स्वयं भगवान समझा। ६६ तीर्थों में स्नान करने गये। अवंतिका में भी उन्हें आना पड़ा होगा। क्योंकि वह भी तीर्थ स्थान है। सब तीर्थों में उन्होंने स्नान किया और तुम्बी को तो ३—३ बार स्नान कराया। भगवान की भेंट जो ठहरी।

२–४ वर्षों में पांडव लौट कर आ गये। भगवान कृष्ण बड़े प्रसन्न हुए। कहा—पांडवों मुझे बड़ी खुशी है तुमने अपने पापों को धो दिया। पांडव बोले सब आपकी कृपा है।

'ठीक है।' भगवान ने सोचा और कहा— मेरी अमानत कहां है? पांडवों ने कहा महाराज आपकी तुम्बी बड़ी साव-धानी से रखी है। उसे ६६ तीर्थों में ३-३ ४-४ बार स्नान कराया है।

कृष्ण ने तुम्बी ली और एक व्यक्ति को कहा इसे पीस पीस कर लाओ। चूर्ण आया। कृष्ण ने एक चूटकी स्वयं ले कर मुह में डाली। तीर्थ यात्रा का प्रसाद था। सबको एक एक चुटकी दी। पांडवों को भी प्रसाद दिया गया। सबने मुंह में डाला।

कृष्ण इन्द्रिय विजय में समर्थ थे। उन्होने तुम्बी के चूर्ण को हजम कर लिया। पर अन्य लोग उसकी कड़वाहट को बर्दाश्त न कर सके। किसी ने रूमाल में थूका, किसी ने बाहर

भगवान ने फरमाया है :—

'कोहो पीइ पणासेइ ।'

क्रोध प्रेम का सबसे बड़ा शत्रु है। क्रोध आस-पास की शांति को भी खा जाता है।

क्रोध से मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक सौंदर्य नष्ट हो जाता है। क्रोध के दावानल में सर्वस्व स्वाहा हो जाता है।

चीन का सम्राट बड़ा गुणी जन था—प्रजा को उपहार बांटता था। विद्या, राजनीति और वीणा में उसकी बराबरी करने वाला कोई नहीं था। —पर उसमें एक क्रोध का अवगुण था। उसका क्रोध इतना भयानक हो जाता था कि वह दुनिया को डगमगा देता था। क्रोध में वह साक्षात यम का अवतार बन जाता था। क्या मजाल है कि कोई चूं चपड़ भी कर ले।

उसकी सात रानियां—सात महिषियां राजा के क्रोध के मारे परेशान थीं। क्रोधी से कौन प्रेम करे। क्रोध रहे वहां प्रेम का क्या काम ?

वे क्रोधी लोग गद्दार हैं—जिन्होंने घरों में आग लगाकर सारे परिवार की सुख और शांति छीन ली।

राजा के क्रोध के रोग का प्रतिकार रानियों के पास नहीं था—सामन्तों के पास नहीं था—सब दुःखी थे।

मनुष्य अपने प्रयत्नों में कोई कसर नहीं रखता। पर जब वह विवश हो जाता है—तो वह फकीरों, सन्तों, महात्माओं की शरण में जाता है। दुनिया बड़ी मतलबी है।

किसी की हिम्मत नहीं होती थी वह कह दे—राजा से—कि आप क्रोध न करें। जो कहता वही—मृत्यु का मेहमान बन जाता।

गये [illegible] [illegible], [illegible] [illegible] का [illegible] [illegible] । इसे चिन्तन हुआ । [illegible] आता । विरोध जागा । जहाँ क्रोध होता है—वहाँ से विचार और विवेक चला जाता है ।

३–४ मिनिट में गुस्सा शान्त हुआ । उनके चेहरे की दशा भी बदली । उनके [illegible] के कारण मेरी यह दशा हो जाती है ।

हैरान हो गया राजा । अपने आप पर लानत भेजने लगा । बुराई को बुराई समझने से बुराई निकल जाती है ।

राख कोयला या मिट्टी खाने की जिसको आदत हो—उसे जरा बाहर थूकने को कह दीजिये । जब वह बाहर थूकेगा तो उसे समझ हो जाएगा कि इतना गन्दा पदार्थ मेरे पेट में जा रहा है ।

तुम्हारी बुराई की नग्नता तुम्हारे सामने नहीं आती । इसी से तुम बुराई करते हो ।

एक मौ वर्ष का फकीर डायरी में लिख गया है—

यदि तुम्हें निन्दा करने का शौक है—खुशी से करो । पर, वह अपनी बुराई की होनी चाहिये ।

यदि तुम्हें प्रशंसा करने का शौक है तो खुशी से करो—पर वह अपने नहीं दूसरे के गुणों की प्रशंसा करो ।

तुम्हारी आत्मा में ब्रह्मतत्व जाग जायेगा । मानसिक दासता को समझो । प्रभु के चिन्तवन में मन लगाओ ।

क्रोध का इतिहास भयंकर है । युद्ध–खून सब क्रोध के परिणाम हैं । लड़ाई का सीन आपने देखा है । जब क्रोध धधक उठता है—तब मनुष्य राक्षस बन जाता है । क्रोध शान्ति का शत्रु है ।

हम जावरा हुसेन टेकरी पर भूतों का ताण्डव देखने गये थे ।

में तो भूत नहीं मिला। मूर्तियां अवश्य मिलीं। पर वे स्वयं इन्सान थीं।

जब क्रोध प्रवेश कर जाता है तब मनुष्य स्वयं भूत बन जाते हैं।

मन सबसे बड़ा भूत है। इस मन के भूत पर सवार हो जाइये। —फिर आप स्वयं आत्म विजयी बन जायेंगे। आप परमात्मा के रूप हैं। क्रोध होता है जहाँ वहां प्यार नहीं होता। और जहां सच्चा प्यार होता है—सच्चा प्रेम होता है—वहां क्रोध नहीं फटक पाता।

आप प्रेम के प्याले को पीकर संसार में शान्ति का समुद्र लहरा दो।

वैदिक-धर्म

भाईयो और बहनो !

आज मैं आपके सामने वैदिक धर्म के सम्बन्ध में विचार रखना चाहता हूं।

अभी आपके सामने जो गीत रखा गया है—उसमें यह बताया गया है कि—

हे इन्सानो ! तुम २४ घन्टों में केवल २ घड़ी भी प्रभु का स्मरण किया करोगे तो तुम्हारी आत्मा में परमानन्द की अनुभूति होगी। परमानन्द की प्राप्ति मनुष्य का सर्वोत्तम ध्येय है। परमानन्द की प्राप्ति के लिये ही सब धर्मों का विधान है।

मैं आज वैदिक धर्म के विषय में कहने जा रहा हूं। वैदिक धर्म संसार की चार मुख्य विचार धाराओं में से एक है। संसार की चार मुख्य विचारधारायें हैं—

(१) हिन्दू, (२) बौद्ध, (३) ईसाई और (४) इस्लाम।

अधिकांश लोग इनमें समाविष्ट हो जाते हैं—

भारत वर्ष में ३ प्रमुख विचार धारायें हैं—१-वैदिक २-जैन और ३-बौद्ध।

वैदिक धर्म का मुख्य उद्देश्य आत्मा के आनन्द की अपेक्षा राष्ट्र की एकता कायम रखने का विशेष है।

धर्म का प्रादुर्भाव और उत्थान भारत में ही क्यों हुआ है ?

आरण्यक और उपनिषदों ने ज्ञान द्वारा मुक्ति का मार्ग अपनाया।

वेदांगियों ने—कल्प, शिक्षा और सूत्र बनाये। सूत्र भी तीन प्रकार के—श्रौत सूत्र, धर्म सूत्र और गृह्यसूत्र।

श्रौत सूत्रों में बड़े-बड़े यज्ञ करने वालों का वर्णन है उन राजाओं और देश नेताओं का वर्णन श्रौत सूत्रों में भरा पड़ा है।

श्रौत सूत्र के रचयिता-आप स्तम्भ बाधायन, आदि हुए।

धर्म सूत्र के रचयिता गौतम आदि हुए। जिन्होंने ब्रह्मचर्य अपरिग्रह, प्रायश्चित्त दान, दया आदि का विधान शास्त्र रचा।

गृह सूत्र संस्कारों के निरूप देते हैं। शारीरिक संस्कार १६ आप लोग १६ मानते हैं। २२ मानसिक संस्कार। पुंसवन, उपनयन आदि अन्त्येष्टि तक शारीरिक संस्कार।

मानसिक संस्कारों में—देव पितृ आचार्य अतिथि आदि की पूजा का विधान है।

उपनिषदों के आधार से दार्शनिक लोग ज्ञान को तर्क से सिद्ध करते हैं। ब्रह्म है—और कुछ नहीं। इस प्रकार बादरायण उसका संकलन करते हैं। अद्वैत वाद की सिद्धि की जाती है।

नमुंवत बनाता है एक-एक दिन सब धर्मों पर कहुंगा। हम क्या म विश्वास देते हैं। यही सबसे बड़ा है।

'सत्यंवद', धर्मंचर' 'स्वाध्यायान् न प्रमदितव्यम्'।

आदि वेद वाक्यों में सबसे बड़ी बात है—अतिथि की जा।

मातृदेवो भव, पितृदेवो भव,
आचार्यदेवो भव, अतिथिदेवो भव।

मां-बाप और आचार्य का सम्मान करना स्वयं वश भी हो कता है। उनका हम पर ऋण भी होता है। पर अतिथि का न सबसे अधिक मान दिया गया है इसमें हमारी संस्कृति की क महान विशेपता अन्तर्निहित है। आज तो अतिथि को देखकर तने भयभीत होते हैं—गोया कोई भूत प्रेत आगया हो। यही मारी दारिद्रय का स्रोत है।

अतिथि सत्कार की एक कहानी याद आ गई —

योगिराज कृष्ण सन्धि सन्देश लेकर दूत बनकर—पाडवों की ओर से कौरवों की राजसभा में जाते हैं। और प्रस्ताव करते हैं—हे दुर्योधन यद्यपि पांडव आध राज्य के अधिकारी हैं—फिर भी-यदि तुम उनका सम्मान रखने के लिये केवल ५ ग्राम ही दे दोगे तो वे सन्तोष कर लेंगे।

दुर्योधन स्वार्थान्ध था—। अभिमान में अन्धा हो रहा था। उसने कहा—

अरे ग्वाले! गायें चराता चराकर राजनीति में उत्तर आया तू क्या जाने राजनीति को। एक सूच्यग्र भी मैं पाण्डवों को नहीं दे सकता।

श्री कृष्ण! योगिराज कृष्ण! योगिराज कृष्ण! वैदिक

विदुर पत्नी अन्दर गई। कुछ केले पड़े थे। उसने सोचा भगवान की सेवा में यही अर्पण कर दूं। ब्राह्मणी ने केले की फलियां छील कर देने का उपक्रम किया। भाव विह्वल ब्राह्मणी भूल गई कि मैं क्या कर रही हूं। वह फलियां फेंक कर भगवान को छिलके खिला रही है। प्रेम के प्यासे कृष्ण को भी मालूम नहीं कि वह भक्त का प्रसाद कौन है। उसमें तो अपूर्व रस था।

हमारे मेहमानों को आचार-मुरब्बे और मिठाइयों की शिकायत रहती है। वहां कोई शिकायत नहीं थी —

१ केला समाप्त हुआ। दूसरा आया। तीसरा आया। फलियां फेंक दी गई छिलके खिलाये गये विदुर कुटिया में आ रहे हैं। उनकी नजर कृष्ण और ब्राह्णी के अतिथि सत्कार पर पड़ी। वह बोला—ओ मूर्ख ! यह क्या कर रही है ? भगवान को छिलके खिला रही है।" ब्राह्मणी होश में आई।

विदुर ने फलियां देनी शुरू की। कृष्ण बोले विदुर अब तो पेट भर गया।

आप अतिथि सत्कार की इस तस्वीर की ओर देखो। यह है हमारी सभ्यता। खाने और खिलाने में आनन्द की पराकाष्टा इसे कहते हैं।

हिन्दुस्तान के तमाम दर्शन और वैदिक धर्म एक परम सत्ता की ओर ले जाता है। वह बताता है कि वह अपना बर्ताव कैसा करे। पुत्र और पुत्री को समान समझे। नारी जाति का सम्मान करे।

यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते,
रमन्ते तत्र देवता।

यज्ञ का काम नारी के बिना नहीं हो सकता। वैदिक

[illegible] का उत्थान किया। संकीर्णता को नष्ट किया। मानव पर [illegible] विश्वास पैदा किया। सत्य का पालन अहिंसा बिना नहीं हो सकता। यह उन्हें राजर्षियों से प्राप्त हुई।

धर्म की परम्परा में २ वंश प्रधान हैं। मनु और ईक्ष्वाकु जैन बौद्ध और वैष्णव ईक्ष्वाकु वंश की परम्परा के प्रतीक हैं। [illegible] उसमें आदि मानव है। बृहदारण्यक और पुराण इनके प्रतिपादक ग्रन्थ हैं।

१४ मनु हुए हैं। इनमें से ७ का हमारे संसार से सम्बन्ध है।

मूल रूप में सप्तम मनु के बाद ८वें ऋषभदेव हुए हैं। ये ही आदि पुरुष आदिनाथ या आदम बाबा के नाम से विख्यात हुये हैं और यही एशिया का पहला पुरुष है।

अरब अफगानिस्तान चीन आदि तुम्हारे हैं। पाणिनि अफगान के रहने वाले थे।

इण्डो यूरावियन और इण्डो जर्मनिक की सब भाषाओं की जननि एक है। हमारी सब भाषायें एक मां की बेटियां हैं। यदि आप वेद और वैदिक धर्म को समझना चाहते हैं तो आपको जन्द अवस्ता अरबी, फारसी और संस्कृत का सीखना होगा।

हिन्दुस्तान में हिन्दू मुसलमान अपनी-अपनी सम्प्रदाय की डुगडुगी बजाते हैं। मैं कहता हूं तुम्हारी मूल मां एक है। एक मां की तुम दो सन्तानें हो फिर तुम में मोहब्बत क्यों नहीं।

वैदिक धर्म किसी के प्रति असहिष्णुता का व्यवहार करने की इजाजत नहीं देता। सबको विचार स्वातन्त्र्य है। वेद [illegible]त्ति में अग्नि वैश्वानर इन्द्र आदि सब देव एक देव हैं।

'एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ति।'

यह वेद वाणी है—और

'उदार आत्म शोधन मुक्ति सार।'

ये हेमचन्द्राचार्य का कथन है। उनका उद्देश्य है। सार का सार कथन करते हैं।

शंकर दिग्विजय में एक जगह वर्णन आता है—

शंकराचार्य गंगा स्नान करने गये। स्नान करके वापिस आ रहे थे। एक सकड़ी पुल को पार करना था। सामने से एक शूद्र आ गया। वेद काल में छूआ छूत का विचार नहीं था। ये विचार पुराण काल से आरम्भ हुए।

आजकल आपके यहां चौका धर्म रह गया है। एक व्यक्ति म[illegible] में जाति की रसोई से बाहर खड़ा देख रहा था। उसने कहा सारी जिन्दगी में मेरा धर्म भ्रष्ट नहीं हुआ—आज इस दुष्ट ने मेरा धर्म भ्रष्ट कर दिया।

लोगों ने आश्चर्य से पूछा क्या बात हो गई।

उसने कहा—मैंने मदिरा मांस खाया रंडीबाजी की पर बिना पैर धोये कभी चौके में नहीं गया था आज यह दुष्ट बिना पैर धोये चौके में चला गया।

चौका धर्म रह गया। दिवोदास, पृथु आदि ऋग्वेद के राजा थे। तुम्हारे ऋषि पाराशर किरात था। वह योजन गंधा के पुत्र कौरव और पाण्डव कौन था। छुआछूत कहां है। कहां से आई है। सब अज्ञान की मनोवृत्ति है। उदार बनो।

धर्म हवा पानी और दूध की तरह पवित्र है। हिन्दू हवा और मुस्लिम हवा कहीं सुनी।

ऋग्वेद में इन्द्र, वरुण, सूर्य मित्र आदि ३३ देव माने गये हैं। ये वेद और उपनिषद का पृथक् मानना है। फिर जैसे-जैसे शक्तियाँ अलग-२ देव की कल्पना हुई और ३३३ देव बन गये। यहाँ तक उनकी संख्या ३३ करोड़ तक हो गई।

हिन्दुस्तान में तो ३३ करोड़ हैं यों लोगों ने गाय की पूँछ में ३३ करोड़ देवता माने। इसे कोई असंभव कहे तो उनकी मर्जी। पर उस समय भारत में ३३ करोड़ की आबादी थी उन ३३ करोड़ का जीवन गाय की पूँछ पर ही आधारित था। गोवंश पर ही भारत का कृषि प्रधान जीवन सफल था।

गायों की रक्षा करना राजनीति है सब प्राणियों की रक्षा करने का आदर्श है। धर्म अहिंसा परमोधर्मः वैदिक धर्म का नारा है।

धर्म का मत अहिंसा रूप है। जीव रक्षा और प्राणी दया से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। मनु ने अहिंसा सत्य को धर्म बताया। अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह समाज व्यवस्था के लिये आवश्यक हुये।

गुरु वही जो ज्ञान देकर गुरु ने ज्ञान दिया—तमसो मा ज्योतिर्गमय।

धर्म के दो रूप रहे—यज्ञ और व्रत। दत्तात्रेय के पूर्व हवन आदि को ही बड़ा धर्म माना जाता था—पर दत्तात्रेय, जाबाल आदि ने शास्त्र ही बदल दिया।

जाबाल ने संस्कृति को, महाभारत में द्रौपदी को, अजातशत्रु और जनक के संवाद में ब्रह्म धर्म आदि की जो धारा बहाई है—और जो उपदेश परम्परामयी है—उससे यज्ञ का रूप जीवन की वृत्तियों में आई हुई कलुषितताओं को दग्ध बनाकर जीवन का

विश्व वन्दनीय मुनि

श्री सुशील कुमार जी महाराज

जिन्होंने

अपनी विदेश-यात्रा में

असंख्य युवकों को

अहिंसा और सद् आचरण

की दीक्षा दी

हमारा कोटि-कोटि नमन !

प्रधान । मंत्री ।

सत्यपाल जैन कैप्टन धनराज जैन

यंग फ्रेन्डस एसोशियेसन

जैन नगर, मेरठ ।

कष्ट उठा, जग का हित करते,
सन्त, सुजन, सरिता औ चन्दन।
जग उपकारी, मुनि सुशील के,
चरणों में श्रद्धायुत वन्दन॥

जैन जगत के ज्योतिर्धर है,
विश्वधर्म के है नव प्राण ।
तुमने ऊंचा किया निरन्तर,
भारत भूमि का अभिमान ॥

मुनि सुशील कुमार जी महाराज

के

५२ सप्ताह की विश्व-यात्रा पश्चात स्वदेश आगमन

पर

हार्दिक मंगल कामनाओं

के साथ

चिरंजीशाह राजकुमार

तीर्थंकर महावीर मार्ग, मेरठ ।

तार : महावीर

फोन : ७५५८०-७३१२६ आफिस
७३८४७-७५६२७ फैक्ट्री
७२३१० निवास

मुनि श्री सुशील कुमार जी

को

अ. भा. चौरासिया ब्राह्मण महासभा

की ओर से

स्वदेश वापसी पर

शुभ कामनायें !

बिहारी लाल शर्मा
बी० ए०
जनरल सेक्रेटरी
बाजार सीताराम, दिल्ली

महाराज श्री मुनि सुशील कुमार जी

के

विदेश भ्रमण की वापसी पर

शत् शत् नमन !

प्राणी मित्र

आनन्द राज सुराणा

नई दिल्ली

भारतीय संस्कृति के प्रबल प्रचारक

अहिंसा और सत्य के संदेशवाहक

मुनि श्री सुशील कुमार जी

आधुनिक विवेकानन्द बनें

यही हमारी हार्दिक शुभ कामना है !

शंकर देव

संसद सदस्य

२६, नार्थ एवेन्यु, नई दिल्ली

रचियता :—

- एक विश्व एक सरकार
- उल्टी खोपड़ी
- क्या ईश्वर है ?
- इन्दिरा गांधी समग्र रूप में
- माता निराहारिणी
- मानिक्या योगिनी
- मौलिक आधार [illegible] लिये मौलिक कर्तव्य

[illegible]

हार्दिक अभिनन्दन

कैलाश चन्द जैन
२२, कोटला मार्ग
नई दिल्ली
(विनय नगर)